तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा- ज्ञानवापी की लड़ाई हम...



14 ढाई एकड़ जमीन को कराया गया कब्जामुक्त



**खबर संक्षेप**



### जेई विद्युत आफिस भवन मरम्मत कार्य शुरू

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित शहर विद्युत जेई एवं अन्य विभागीय कार्यालय के जर्जर एवं खस्ताहाल भवनों को लेकर हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया था। समाचार के प्रकाशन पश्चात अंततः विभाग जागा। बारिश के दौरान शहर के विद्युत जेई के पुराने जर्जर कार्यालय में खतरे को देखते हुए उसे बेमेतरा एई व बेमेतरा ग्रामीण एवं रांका आफिस के समीप स्थानांतरित करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार असुरक्षित भवन का हाल देखकर विद्युत सिविल विभाग ने तत्काल बेमेतरा सहायक यंत्री एवं अधीनस्थ कनिष्ठ यंत्रियों के संयुक्त कार्यालय को मरम्मत कराना शुरू कर दिया है। वही इसी से जोड़कर शहर जेई का कार्यालय भी तैयार किया जा रहा है। जिसके निर्माण के बाद यही से शहर का विद्युत जेई ऑफिस संचालित होगी। इस कार्य से पुराने ऑफिस में कार्यरत विद्युत कमर्चारी भी खुश नजर आ रहे है।

### सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण कल से

**बेमेतरा।** जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान शिक्षकों को 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले सभी प्रतिभागियों के लिए दो दिवस आनलाइन कक्षाओं का भी आयोजन किया जा चुका है। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो बेमेतरा और बेरला के शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों विकासखंडों के 60-60 शिक्षकों को कुल 120 शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पूर्णतः आवासीय प्रशिक्षण है, जो प्रातः 10:30 बजे से 4:30 तक रहेगा। इसमें चाय और नाश्ते के साथ ही दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है।

### दीवार उठाने को लेकर विवाद, मौत

**भिलाई।** विवाद के बाद एक युवक की तबियत बिगड़ गई। जिसे उपचार के बाद अस्पताल में दाखिल कराया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी में 9 अगस्त को फकीरा प्रसाद शुक्ला दीवार खड़ी कर रहा था। इस दौरान भगत पटेल ने दीवाल को बनाने से उसे मना किया। भगत ने दीवार को पैर से मार कर गिरा दिया। इसकी जानकारी फकीरा को होने पर तुरंत गोठान पहुचा।

**आयोजन : जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में देर रात तक जुटे रहे श्रद्धालु**

# श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई जन्माष्टमी श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में स्थित मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया गया। शहर वह विभिन्न क्षेत्रों में विशेष आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान जगह-जगह दही लूट से लेकर भगवान कृष्ण की प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया, जहां पर उनका स्वागत करते हुए लोग श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण करते रहे। इसके अलावा जन्माष्टमी के उत्सव में लोगों ने भगवान कृष्ण की जन्म उत्सव को अपने घरों में मनाया गया। वहीं, मंदिरों में कृष्ण भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जिला मुख्यालय में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भी इस वर्ष सादगी के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। जहां पर मंदिर के आचार्य ने सुबह भगवान श्री कृष्ण एवं माता राधा का स्नान कराया गया तथा सिंगार करने के बाद षोडशोपचार पूजा अर्चना कर पंजरी एवं पंचामृत का भोग चढ़ाया गया और आरती की गई। वहीं रात बारह बजे भगवान कृष्ण के जन्म पर विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की गई।

- अनेक स्थानों पर हुआ दही लूट का आयोजन
- बच्चों के साथ-साथ युवाओं ने भी उत्साह से लिया भाग





### भव्य दही हांडी प्रतियोगिता आज

आज शहर के वार्ड नम्बर 20 कुर्मी पारा कबीर कुटी के पास भव्य दही हांडी लूट उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दही हांडी उत्सव का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेश वर्मा द्वारा किया गया है। आयोजक योगेश वर्मा ने बताया की यह कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक रहेगा। इसमें नगर के समस्त प्रतिभावान युवा साथी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दही हांडी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को 5100 रूपये नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। योगेश वर्मा ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जन्माष्टमी पर रही चीजगांव में धूम

ग्राम चीजगांव में जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार को हांडी फोड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान मटका फोड़ का आयोजन भी किया गया, जिसमें अनेकों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बहुत से प्रतिभागी मटका फोड़ने में सफल रहे। मटका फोड़ आयोजन में युवा समिति के द्वारा 10 रूपए एंट्री फीस जमा करने पर 50 रुपए जीतने वाले के लिए रखा गया था। मटका फोड़ तत्पश्चात हांडी फोड़ का आयोजन हुआ जिसमें बच्चे से लेकर जवानों के साथ बुजुर्गों ने भी इस मटका फोड़ का आनंद लिया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन इस आयोजन का आनंद लिया। लगातार प्रयास के बाद हांडी फोड़ने में प्रतिभागी सफल हुए। मटका फोड़ एवं हांडी फोड़ का आयोजन शीतला मंच प्रांगण पर किया गया।

### नगर में हर्षोल्लास के साथ मनी जन्माष्टमी



**थान खम्हरिया।** नगर के प्राचीन मंदिर राधा कृष्ण जमात मंदिर ,सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर ,जगन्नाथ मंदिर महंत वार्ड क्रमांक 10 में नवीन राम मंदिर व अनेक वार्डों में वह घरों में झूला उत्सव जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। राधा कृष्ण जमात मंदिर रात्रि में भक्तों श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। महंत बसंत दास वैष्णव ने जन्माष्टमी उत्सव पर के संबंध में बताया कि द्वापर में जब धर्म के प्रति आघात होने लगा, ब्राह्मण संतों का अपमान होने लगा, धरा धाम में पापाचार अत्याचार बढ़ने लगा। भगवान भक्तों, संतों, ब्राह्मण के रक्षा के लिए अवतार लिया। जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पुजारी ललित शर्मा द्वारा बताया गया कि जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रतीक है। अधर्म पर धर्म की विजय और प्रेम भक्ति ज्ञान का संदेश देता है।

- मंदिर व घरों में भक्तों ने किया भजन- कीर्तन

## देवकर में खुली नाली में फंसी गाय नागरिकों ने रेस्क्यू कर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर के महावीर चौक के समीप कल सुबह नाली के एक खुले गड्ढे में गाय फंस जाने का मामला सामने आया। जिसे पशु मालिकों के साथ कुछ बस्ती वालों द्वारा घंटेभर कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला गया।

- घंटेभर की गई मशक्कत, गाय हुई घायल

बताया जा रहा है कि नगर में महावीर चौक के पास सड़क किनारे काफी बड़ा नाली निकासी का गड्ढा दशकों से खुला पड़ा हुआ है, जिस पर अक्सर दुर्घटना होना आम बात है। चूंकि उक्त जगह पर गाय गुजर रही थी तो भगदड़ में एक गाय नाली में गिरकर फ़ँस गयी। नाली काफी गहरा होने के कारण गाय निकल पाने असमर्थ रही। इस पर तत्काल स्थानीय रहवासियों द्वारा पशुमालिक को घटना की जानकारी दी गई। तत्पश्चात रस्सी व लकड़ी के माध्यम से कड़ी जद्दोजहद करते हुए नाली से गाय को रेस्क्यू किया गया। इस घटना में गाय को काफी चोटें भी आईं हैं। वही इस दौरान देखते ही देखते लोगों की भीड़ बढ़ गई जो खुली नाली में लगातार हो रही हादसों से बचाव के लिए चेम्बर बनाकर ढंकने की मांग की है, ताकि उक्त सड़क पर कभी भी दुर्घटना न हो।



## कबीरदास के बताए मार्ग पर चलते हुए समाजहित हम सब का कर्तव्यः छाबड़ा

### ग्राम मुड़पार में दो दिवसीय अखंड सत्यनाम धुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत मोइनाभाटा के आश्रित ग्राम मुड़पार में दो दिवसीय अखंड सत्यनाम धुन का आयोजन किया गया है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जहां शामिल हुए वही उन्होंने कबीर कुटी का छत निर्माण का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा सदगुरु कबीर साहेब द्वारा बताए गए मार्ग मानव जीवन कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी है। मानव जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कबीर साहब ने मानव जीवन को किस तरह जिया किया जा सकता है, इस जीवन पद्धति के बारे में बताया है। आज साहब के बताएं अनुसार ग्राम मुड़पार में आम जन द्वारा एकत्रित होकर अखंड सत्यनाम धुन का आयोजन किया जा रहा है। यह निश्चित ही मानव कल्याण के लिए उपयोगी है। कबीर दास जी के मार्ग पर चलते हुए समाज हित को बेहतर बनाना एवं साथ ही उनके उपदेशों का पालन करना हम सबका का परम कर्तव्य है। समाज में उनके उपदेशों एवं आदर्शों को ग्रहण करने की व्यक्ति को प्रेरणा मिलती है ।



## चोरी की 19 बंडल छड़ व ट्रक जब्त दो नाबालिग सहित तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते माह शहर व खण्डसरा क्षेत्र से चोरी हुई छड़ बरामद करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से दो नाबालिग हैं। उनके पास से एक लाख रुपए कीमत की चोरी हुई 19 बंडल छड़िया के साथ ही परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त किया गया है। आरोपी रवि साहू पिता संतोष साहू उम्र 24 साल निवासी उमरिया चौकी खण्डसरा थाना गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, वहीं दो नाबालिग बालकों को न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया।

- बीते माह हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 ओर 20 सितंबर के मध्य रात्रि को छड़ चोरी हुई थी। सुबह प्रार्थी पुष्पराज दोहरे पिता छोटेलाल दोहरे उम्र 30 साल ग्राम ओड़िया चौकी खण्डसरा थाना के राज ट्रेडर्स दुकान के बाजु खुले स्थान पर रखी 15 क्विंटल छड़िया की चोरी हो गई, जिसकी कीमत करीबन 49,500 रूपए बताई गई थी। अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस बीच मुखबीर की सूचना मिली की ग्राम उमरिया रहने वाले रवि साहू उमरिया चौक में छड़िया बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के आधार पर मुखबीर की निशानदेही पर आरोपी रवि साहू को पकड़ा गया। आरोपी रवि साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने विधि से संघर्षरत दो नाबालिग बालकों के साथ मिलकर अपने ट्रक क्रमांक सीजी 08 एबी 1806 में चोरी करना बताया। इसके साथ ही चोरी की छड़ को ग्राम बेरा कांपा के बीच में एक पुलिया पास नाले में छिपाकर रखा होना बताया। आरोपी के बताए अनुसार जांच किए जाने पर बेमेतरा में चोरी किये गये छड़िया 08 बंडल कीमती 45,000 रूपये एवं ग्राम ओड़िया में चोरी की गई छड़िया 11 बंडल कीमती 60,500 रूपये को एवं चोरी में प्रयुक्त ट्रक कमांक सीजी 08 एबी 1806 किमती 12,00,000 रूपये कुल 13,05,500 ▶▶| शेष पेज 13 पर



**लोगों को जागरूक करने आज निकाली जाएगी रैली**

# साक्षरता सप्ताह में 1 से 7 सितंबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सभी जिलों के जिला परियोजना अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित हुए।

बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुसार बेमेतरा जिला में भी कलेक्टर रणबीर शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टी. सी. अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे के दिशानिर्देशों के अनुरूप उल्लास कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में लगभग शत-प्रतिशत असाक्षरों और उन्हें नव साक्षर का सम्मान प्रदान करने के लिए संकल्पित स्वयं सेवी शिक्षकों का सहयोग लिया गया है। वातावरण निर्माण के लिए जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न आयोजनों में उल्लास शपथ दिलाई जा रही है। बैनर, पोस्टर,नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक आदि गतिविधियों के आयोजन भी किए जा रहे है। इसी कड़ी में 28 अगस्त को नवसाक्षरों,असाक्षरों,स्वयं सेवी शिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर जन-जागरण का प्रयास किया जाएगा। साथ ही साक्षरता सप्ताह अंतर्गत 1 से 7 सितंबर तक जिलों के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उल्लास नवभारत साक्षरता पर आधारित निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली, एवं विभिन्न संस्कृतिक आयोजन भी आयोजित किए जाएंगे।



### आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण आज से

उल्लास के क्रियान्वयन की दिशा में 28 एवं 29 अगस्त को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में कुशल प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। ये कुशल प्रशिक्षक प्रशिक्षण उपरांत विकासखण्डों में जोन स्तर पर स्वयं सेवी शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिले मे कुल 450 उल्लास साक्षरता केंद्रों का निर्धारण कर लिया गया है,इन केंद्रों के संचालन हेतु पाठ्य सामग्री राज्य से भेजी जा रही है। उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्राम, संकुल एवं विकास खंड प्रभारी बनाए गये हैं। अति शीघ्र कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की एक बैठक भी आहूत की जाने वाली है। इसमें विभिन्न शासकीय विभागों के प्रमुख, जिला, जनपद पंचायतों के प्रतिनिधिगण एवं महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी सम्मिलित होंगे।

### 8 को होगा साक्षरता केंद्रों का शुभारंभ

8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सभी स्थानों में साक्षरता केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय उल्लास मेले का आयोजन किया जाएगा। उक्त मेले में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे। बैठक में राज्य साक्षरता मिशन एवं एस.सी.ई.आर.टी.के संचालक राजेंद्र कटारा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण राज्य के सभी जिला, तहसील, जनपद, ग्राम पंचायत मुख्यालयों में एवं शैक्षणिक संस्थानों में किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री राज्य के नागरिकों को संबोधित कर छत्तीसगढ़ को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए अपना योगदान देने प्रेरित करेंगे। उल्लास कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर ब्रांड एम्बेसेडर भी बनाये जाएंगे।

**पाठक सूचना**
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# अधिवक्ता विष्णु शंकर ने कहा- ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की स्मृति में राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचारमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु पावन निश्रा विराग मुनिश्री, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है।

जैन समाज के गुरु विराग मुनिश्री ने कहा, महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उनके बताए अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय), ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील के सिद्धांत यदि आज विश्व अपना ले तो कहीं कोई समस्या नहीं रहेगी, लेकिन आज विकट समय आ गया है। उन्होंने ब्रिटिशकाल की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, ज्ञानवापी का केस 2019-20 में हमने फाइल किया, मुझे और हमारी टीम ने अनुभव किया कि इस बीच बहुत महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक घटनाएं हुई हैं। श्रीराम मंदिर केस में सुप्रीम कोर्ट ने लिखित रूप से कहा, मंदिर के टूट जाने के भगवान का अस्तित्व खत्म नहीं हो जाता है। हम भी यही कहते हैं कि वन्स अ टेम्पल ऑलवेज अ टेम्पल। श्रीराम मंदिर में एएसआई की जो रिपोर्ट आई थी, उससे मजबूत रिपोर्ट ज्ञानवापी को लेकर एएसआई ने दी है ज्ञानवापी की लड़ाई हम सारे लोगों की आत्मा से जुड़ी लड़ाई है। बारह ज्योतिर्लिंग में से पांच ज्योतिर्लिंग स्वयंभू हैं और उन पांच ज्योतिर्लिंग में से जो सबसे पहला ज्योतिर्लिंग है, वो आदि विश्वेश्वर का ज्योतिर्लिंग है, जो आज वहां पर स्थापित है, जिसे फाउंटेन बताने की कोशिश की जा रही है। सारी लीगल रिसर्च की गई, मुकदमा फाइल किया गया, एडवोकेट कमीशन का आर्डर हुआ, जिसे हमने जीता, इलाहाबाद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक। एडवोकेट कमीशन हुआ तो वहां शिवलिंग प्राप्त हुआ। इसके बाद आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वेक्षण की हमने मांग की, वो लड़ाई लोअर कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक तीन-तीन चरणों में लड़ी गई, जिसे हमने जीता। 90 दिन का एएसआई का सर्वे हुआ। जिसमें पता चला कि यह स्थल पहले मंदिर था और राम मंदिर के पक्ष में उस समय जो एएसआई ने रिपोर्ट दी थी, उससे ज्यादा पुख्ता रिपोर्ट और सबूत उन्होंने ज्ञानवापी पर दी, जो हमारे केस को बहुत मजबूत बनाती है। उन्होंने विस्तार ने ज्ञानवापी पर पूरी जानकारी रखी।

## विचारमाला में प्रमुख वक्ता, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन हुए शामिल




### सबको साथ लेकर चले कुंदनजी : सक्सेना

कार्यक्रम की प्रस्तावना क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने रखी। श्री सक्सेना ने कहा, स्व. कुंदन लाल जैन ने विचारशील जीवन जिया है। सबको साथ लेकर चलना उनके चरित्र की महानता रही, उनका प्रयास रहा कि सभी एकजुट होकर समाज और देश के हित में कार्य करते रहें। कार्यक्रम का संचालन नंदन जैन एवं आभार प्रदर्शन चंदन जैन ने किया।

## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा योजना के पहलुओं से कराया अवगत

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू रायपुर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत लाभार्थियों एवं विभिन्न बैंकों से आए अधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय बैंक समिट (एसएलबीसी) द्वारा कार्यशाला हुई। इस अवसर पर सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में संस्था के प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया एवं अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यशाला में एमके सिंह एजीएमएसएलबीसी, शम्मी झा रीजनल डायरेक्टर आरडीएसडीई, मोहम्मद युसूफ स्टेट हेड एनएसडीसी, शिव राठौर डिप्टी डायरेक्टर डायरेक्टरेट ऑफ इंडस्ट्रीज और एसबीआई तथा अन्य बैंकों से आए अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। इस दौरान हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में संस्था के सभी प्रशिक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

### देश में महिला सुरक्षा गारंटी कानून जरूरी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने पश्चिम बंगाल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, रेप के बाद हत्याकांड ने देश को फिर से एक बार फिर से हिलाकर रख दिया है। देशभर में लोग इस घटना का विरोध कर रहे हैं। पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जैसे देश को एक बार फिर से 2012 की दिल्ली निर्भया कांड की याद दिला दी। पश्चिम बंगाल की इस घटना के बाद भी उत्तराखंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, लुधियाना, आंध्रप्रदेश, सोनभद्र, सिलीगुड़ी, भोपाल आदि में दस दिनों में अनेक महिलाओं, नाबालिग और एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ भी रेप का मामला सामने आया है, जो अत्यंत शर्मिंदगी भरा है। उन्होंने कहा, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अब और भी अधिक कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है, महिला सुरक्षा गारंटी कानून बनाना जरूरी है।

### तेज होगा युक्तियुक्तकरण का विरोध, आज नोटिस 16 सितंबर को हड़ताल

**रायपुर।** युक्तियुक्तकरण को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बड़ी रणनीति तैयार हो गई है। 27 अगस्त को मुख्य सचिव को शिक्षक संगठन हड़ताल का नोटिस देने जा रहा है। वहीं 16 सितंबर को राजधानी में एक दिवसीय हड़ताल होगी। इसकी घोषणा कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में बातचीत की जाएगी, लेकिन आंदोलन अपने स्तर पर जारी रहेगा। इससे पहले युक्तियुक्तकरण को लेकर शनिवार को कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की बैठक हुई। 4 घंटे चली मैराथन बैठक में 2 दर्जन से ज्यादा शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में युक्तियुक्तकरण के मुद्दे को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कई शिक्षक संगठनों की ओर से अलग-अलग मुद्दों पर अपनी बातें रखी गईं। फेडरेशन ने सभी शिक्षक संगठनों से कहा है कि किसी भी आंदोलन में आगे बढ़ने से पहले शिक्षकों और शिक्षक संगठनों में आपसी सहमति जरूरी है।

### ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का नितिन नवीन ने किया उद्घाटन

# मोदी अब 2 सितंबर को बनेंगे पहले सदस्य, 3 को साय लेंगे सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का देशभर में सदस्यता अभियान 1 के बजाय 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। सबसे पहले 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद राज्यों में 3 सितंबर से अभियान चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अब 3 सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद जिला, मंडल और 6 सितंबर से प्रदेश भाजपा संगठन बूथों में पूरी ताकत झोंकेगा। सांसदों को जहां 20-20 हजार और विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं प्रदेशभर में 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाए जाने हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान वाररूम का उद्घाटन किया।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाने का फैसला किया है। भाजपा के पुराने 18 लाख सदस्यों की सदस्यता रद्द हो चुकी है। अब सबको फिर से सदस्य बनाया जाएगा। ठाकरे परिसर में वाररूम का उद्घाटन करने के बाद

नितिन नवीन ने बताया, सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर से होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पहले सदस्य बनेंगे। इसके बाद पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता सदस्य बनेंगे और पुराने सदस्य भी सदस्य बनेंगे, साथ ही नए लोगों को जोड़ने का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने इसकी तैयारी कर ली है और इसके लिए वाररूम बनाया गया है। यहां से लगातार निगरानी रखी जाएगी। श्री नवीन ने बताया, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने 8-9 महीने में ही सरकारी योजनाओं में बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा, जिससे लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने को तैयार हैं। हमें सदस्यता अभियान के माध्यम से सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा, पिछले सदस्यता अभियान में पार्टी द्वारा रखे गए लक्ष्य से ज्यादा लक्ष्य हमने प्राप्त किया था। पिछले सदस्यता अभियान में 10 करोड़ का लक्ष्य रखा था और हमने 11 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया। फिर हमने दोबारा सदस्यता अभियान चलाया, जिसमें 18 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने। अब सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होने जा रही है, जिसमें हमने 10 करोड़ का लक्ष्य रखा है और उस लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे।

## 6 से बूथों में भाजपा झोंकेगी पूरी ताकत




### सांसद-विधायकों के लिए लक्ष्य

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में 33 लाख सदस्य हैं, इससे ज्यादा सदस्य बनाए जाएंगे। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं विधायकों को 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है और पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है, वह लक्ष्य हम निश्चित रूप से प्राप्त करेंगे।

### कार्यक्रम एक दिन आगे बढ़ा : अनुराग

सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने बताया, सदस्यता अभियान का कार्यक्रम अब 1 सितंबर के स्थान पर अब 2 सितंबर से प्रारंभ होगा। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदस्यता लेंगे। इसके अगले दिन 3 सितंबर को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सदस्यता दिलाएंगे। 4 सितंबर को प्रदेश के मंत्री जिलों में सदस्यता अभियान का प्रारंभ करेंगे। 5 सितंबर को मंडलों और 6 सितंबर से सभी नेता और कार्यकर्ता युद्धस्तर पर बूथों में उतरेंगे और सदस्य बनाने का काम करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

वाररूम के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# पालनार कैम्प के 31 युवाओं ने की गृहमंत्री शाह से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आसपास के 5 गांवों के 31 युवाओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर आए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

■ बीजापुर जिले के कई युवाओं ने पहली बार देखी राजधानी

केंद्रीय गृहमंत्री ने इन बच्चों से हालचाल पूछा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुंचे थे। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएंगे।

### बीजापुर के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित

गौरतलब है कि पालनार सुरक्षा कैम्प के आसपास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परिधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।

### रोजगार के नए अवसरों की दी जानकारी

बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोजगार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं।

## मार्ट में चोरी, सीसीटीवी फूटेज से हुआ खुलासा

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में स्थित रिलायंस मार्ट में लगातार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल के बाद पुलिस ने उसे धर दबोचा। आरोपी ने रिलायंस स्मार्ट मार्ट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में अनूपपुर निवासी राजकुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया है। चोरी की घटना को अंजाम देने राजकुमार मार्ट के अंदर बैग लेकर जाता था। गार्ड द्वारा बैग जमा करने के लिए कहने पर वह बैग में कीमती सामान होने का झांसा देता था और बैग मार्ट के अंदर ले जाकर दैनिक उपयोग के सामान चोरी कर उसमें छिपाकर रख लेता था। साथ ही दिखावे के लिए मार्ट से सामान खरीदी करता था। इस वजह से ट्रॉली में रखे सामान की जांच होती थी, बैग की जांच नहीं की जाती थी।



# भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 113वीं कड़ी रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सुनी गई।

इस मौके पर प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, मुरलीधर मोहोल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री केदार कश्यप, सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंहदेव, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, सौरभ सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, अमित मैशरी, सोमेश पांडेय, मितुल कोठारी, संदीप उपाकर, आदित्य कुरील, सौरभ कोतू, लोकेश पवार सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



## जन्माष्टमी पर की गौमाता की पूजा ...

**डौंडीलोहारा/बालोद।** ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम भेड़ी सु. में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौठान में गौ माता की पूजा अर्चना पंडित सन्तोष शर्मा ने कराई। उसके बाद गौ माता को खिचड़ी खिलाकर ग्रामवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान गांव प्रमुख निजाम सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष, हेमलाल ठाकुर शिक्षक, सरपंच देवानंद भुआर्य, लक्ष्मण भसिया, महराज सन्तोष शर्मा, चैनुराम भुआर्य, तोमन देवांगन, घुरवा पिस्दा, हुकुम सिंह, जोगीराम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।





# निगम की सामान्य सभा सितंबर में, हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार माह के इंतजार के बाद रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद की यह अंतिम सामान्य सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित के मुद्दों पर शहरी सरकार को घेरने भाजपा पार्षद नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में रणनीति बनाने की तैयारी में है। सभापति प्रमोद दुबे ने सचिवालय के अधिकारियों को सामान्य सभा के पहले एक घंटे के प्रश्नकाल के लिए पार्षदों से प्रश्न मंगाने आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और उपनेता मनोज वर्मा द्वारा हाल ही में गांधी सदन में सभापति प्रमोद दुबे को नगर निगम की सामान्य सभा बुलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर निगम की सामान्य सभा जल्द बुलाने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष ने सभापति को सौंपे पत्र ज्ञापन में ध्यान आकर्षित कराया कि शहर में पेयजल संकट, सड़कों पर गड्ढे, आवारा कुत्तों का खौफ और ठप पड़े विकास कार्यों जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर सामान्य सभा कराई जाए। सभापति ने उन्हें आश्वस्त कराया कि जल्द से जल्द सामान्य सभा की बैठक बुलाई जाएगी। इसी परिप्रेक्ष्य में सभापति प्रमोद दुबे ने सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में निगम की सामान्य सभा बुलाने का निर्णय लिया। सितंबर माह में होने वाली सामान्य सभा की शुरुआत में एक घंटे का प्रश्नकाल होगा, जिसमें पार्षदों द्वारा जनहित से जुड़े चुनिंदा प्रश्नों के जवाब सदन में संबंधित विषय के भारसाधक सदस्य को देने होंगे। इसके लिए नगर निगम सचिवालय को पार्षदों से प्रश्न मंगाने नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने आदेश जारी कर दिया है।




# राजधानी की दर्जनों सड़कें बदहाल, गड्ढों के बीच हिचकोले खा रहे वाहन, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी और उससे लगे आउटर के वार्डों की दर्जनभर से ज्यादा सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह गड्ढों के कारण वाहन चालकों को जहां खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं राहगीरों, स्कूली बच्चों और रहवासियों को उबड़-खाबड़ मार्ग पर कीचड़ और गड्ढों में जमा गंदे पानी से होकर गंतव्य तक आना-पाना पड़ रहा है। पचपेड़ी नाका चौक, रिंगरोड नंबर-1 की सर्विस लाइन, रायपुरा चौक से सरोना बाइपास मार्ग और संतोषी नगर के दोनों तरफ के सर्विस रोड की हालत और भी बेहद खराब है। इससे आए दिन दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। शहर में अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने, अंडरग्राउंड केबल के लिए सड़क खुदाई करने के कारण प्रमुख मार्ग और शहर के अंदरूनी इलाकों की सड़कों की हालत खस्ता है। आधे-अधूरे रेस्टोरेशन के कारण बारिश में जगह-जगह गड्ढे होने और डामर की परत उखड़ने से बजरी गिट्टी सड़क पर बिखरकर बाहर आ गई है।

■ बारिश में जगह-जगह उखड़ गई डामर की परत, बिखर रही बजरी, दुर्घटना का अंदेशा



### *गोलबाजार की गलियों में पैदल चलना मुश्किल*

*गोलबाजार में पाइपलाइन बिछाने सड़क व गलियों में खुदाई के बाद सही तरीके से रेस्टोरेशन कार्य नहीं कराने से जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है। तंग गलियों से बाजार में आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है। त्योहारी सीजन में यहां गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। मटका लाइन, अनाज लाइन, दोना पत्तल लाइन में कमोबेश यही स्थिति है।*

### *प्रियदर्शिनी नगर अंडरब्रिज के पास*

*प्रियदर्शिनी नगर के पास अंडरब्रिज पर मुख्य मार्ग वाली सड़क पर पानी भरा हुआ है। कीचड़ और उखड़ी हुई गिट्टी के बीच लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है।*

## खबर संक्षेप



### देवेंद्र के गिरफ्तारी से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में भारी रोष : सोनू

**दुर्ग।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया है। इससे लेकर पूरे प्रदेश भर के कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई में आक्रोश है। विधायक देवेंद्र यादव को जल्द रिहा करने की मांग को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में शनिवार को कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और भिलाई जिला कांग्रेस कार्यकर्ता ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं ने राज्य की भाजपा सरकार को जमकर कोसा और नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार अपने नाकामी को छिपाने की कोशिश में हमारे विधायक को दोषी बता रही है। लेकिन एक सबूत भी पेश नहीं कर पा रही है। सोनू साहू ने बताया की पहले विधायक देवेंद्र यादव को नोटिस दिए पूछताछ करने के नाम पर उन्हें गिरफ्तार करके ले गए उन्हे पुलिस घर में जाकर गिरफ्तार कर रही है रातों रात जेल डाल दिए। इस दौरान रवि साहू, बॉबी गिल, तुषार कुमार, राज देवांगन, अमन दुबे, जय सेन, राहुल यादव, जलालुद्दीन, जतिन ठाकुर, आर्य युवा कांग्रेस से गोल्डी कोसरे आदि उपस्थित थे।

### शशांक को मिली पीएचडी की उपाधि

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शोधार्थी ए शशांक राव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोधार्थी का शोध विषय रायपुर संभाग में किन्नरों की आर्थिक स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन पर केंद्रित है। शोधार्थी शासकीय महाविद्यालय नगपुरा में वाणिज्य विषय में पदस्थ हैं। उनके शोध निर्देशक डॉ हंसा शुक्ला, प्राचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती कालेज हुडको एवं सह शोध निर्देशक डॉ रवीश कुमार सोनी, डॉ ए शशांक राव को यह उपाधि विवि की दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सानिध्य में प्राप्त हुआ।

### भूपेश बौखलाहट में दे रहे बयान भिलाईयंस माफ नहीं करेंगे: रिकेश

**भिलाई नगर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओछी राजनीति पर उतर आए हैं, उन्होंने भिलाई के एक नामी स्कूल में कथित घटना को लेकर सार्वजनिक मंच से बयानबाजी की तथा इस मामले को लेकर दुर्ग के एसपी को खुलेआम गुंडा कहा है जो कि उनके जैसे वरिष्ठ नेता को शोभा नहीं देता। उक्त बातें आज प्रेसवार्ता में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कही हैं। श्री सेन ने कहा कि स्कूल में बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना का यदि भूपेश बघेल के पास कोई ठोस आधार या सबूत है तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए।

पेज 11 का शेष

### चोरी की 19 बंडल ...

रूपये को जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी रवि साहू एवं दो विधि के साथ संघर्षरत बालको द्वारा एकराय होकर घटना कारित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 3(5) बीएनएस जोड़ी गई है। उक्त कार्रवाई में पुलिस चौकी खण्डसरा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक शिवकुमार बंजारे, आरक्षक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, ऐश्वर्य कुमार सिन्हा, रोशन वर्मा एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, डेढ़ दर्जन केस दर्ज, बाकी मामलों में जांच का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले, लोगों को झांसे में लेकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर जालसाज ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले के अलग-अलग थानों में वर्ष 2023 में ठगी की 48 शिकायतें सामने आईं, जिनमें से 11 मामलों पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर इनकी जांच कर रही है। इसी तरह से वर्ष 2024 में जनवरी से लेकर अब तक सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा ठगी की शिकायतें मिली हैं।

## डेढ़ साल में जिले के अलग-अलग थानों में पांच दर्जन से ज्यादा शिकायतें

### पुलिस ने किया अलर्ट



एसएसपी संतोष सिंह ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की है। अफसर के अनुसार, सरकारी नौकरी के लिए वैकेंसी निकाली जाती है। जो पात्र होते हैं, उन्हें ही नौकरी मिलती है। नौकरी लगवाने के नाम पर अगर कोई पैसों की मांग करता है तो इसकी शिकायत पुलिस के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास करनी चाहिए।

**केस 1**

### ओएसडी बनकर ठगी

मुजगहन थाने में पिछले वर्ष अप्रैल में डूंडा निवासी रोशन लाल मिश्रा, उनकी पत्नी डॉ. टंकेश्वरी, जो महासमुंद में आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं, उनके खिलाफ सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ की ठगी करने की अलग-अलग लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। रोशन ने अपने आपको तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का ओएसडी बताकर बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया था।

**केस 2**

### रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा

एक दर्जन से ज्यादा लोगों को रेलवे में ग्रुप-डी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 91 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आशीष बंजारे उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया है। जालसाज ने ठगी के शिकार लोगों को कोलकाता ले जाकर उनकी फर्जी मेडिकल जांच कराने के साथ ठगी के शिकार लोगों को तीन महीने का फर्जी तरीके से रेलवे फाटक बंद करने तथा खोलने का प्रशिक्षण दिया था। इसके बाद उन्हें फर्जी नियुक्तिपत्र तक जारी कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, सरकारी नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले, लोगों के साथ पहले जान-पहचान बढ़ाते हैं। इसके बाद बड़े सरकारी अफसरों तथा मंत्रियों के करीबी होने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते हैं। जालसाज किसी मंत्री, अफसर के साथ अपनी फोटो खिंचाकर विश्वास हासिल करने लोगों को दिखाते हैं, इसके अलावा उनके बीच बड़ी-बड़ी बातें कर अपने मोहजाल में फंसाते हैं। इसके बाद उन्हें या उनके किसी परिजनों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देते हैं। बदले में संबंधित मंत्री, अफसर को देने के लिए पैसों की मांग करते हैं।

## शहर के 20 साल पुराने ट्रैफिक जाम के मसौदे को सुलझाने में फिर चुनावी पेंच

# तात्यापारा से शारदा चौक तक की सड़क चौड़ी होने पर 94 में से 20 दुकानें हो जाएंगी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण का मसौदा तैयार है। करीब 700 मीटर लंबी व 80 फीट चौड़ी सड़क के दायरे में 94 दुकानें आ रही हैं। इनमें से करीब 20 दुकानों का वजूद पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। नगर निगम चुनाव के चलते एक बार फिर ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की मुहिम में भी पेंच फंसने वाला है। वहीं 8 से 12 के दायरे में निर्मित पुरानी दुकानों पर बुलडोजर कब चलेगा, इसका फैसला होना बाकी है।

राजधानी में लंबे अरसे बाद एक बार फिर फूल चौक-तात्यापारा के बीच संकरी सडक़ के चौड़ीकरण का मसला सुलझाने जिला प्रशासन ने प्रयास तेज किया है। यह सड़क एक समान चौड़ी होने से शहर के लोगों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिलेगी। अभी इस दायरे में सुबह से देर शाम तक ट्रैफिक जाम के हालात दिनभर बनते हैं। पड़ताल में पता चला कि आगामी निगम चुनाव को देखते हुए तोड़फोड़ की जद में आने वाली दुकानों की मार्किंग करने के बाद पीडब्ल्यूडी को आगे की प्रक्रिया करने जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस सड़क का चौड़ीकरण दिसंबर से पहले शुरू होना संभव नहीं है, चूंकि मुआवजा राशि तय करने की प्रक्रिया भी अभी शुरू नहीं की गई है। इसे देखते हुए माना जा रहा है कि दिसंबर के बाद ही प्रक्रिया होगी।

### दस्तावेज जांच के बाद मुआवजा


जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने संकरे दायरे का खाका तैयार किया है। इसमें 94 दुकानें चौड़ीकरण के दायरे में आ रही हैं। सर्वे में तय किया गया है कि 500 मीटर के दायरे में ही 8 से 12 फीट तक तोड़फोड़ करनी होगी।

प्रभावित दुकानों के मालिकों के कागजी दस्तावेजों के आधार पर मुआवजा तय करने की प्रक्रिया पूरी होगी। मुआवजा राशि देने के बाद जमीन से कब्जा हटाया जाना है। राजस्व विभाग जांच, सीमांकन और मुआवजा तय करने के बाद पीडब्ल्यूडी को रिपोर्ट देगा।

### करीब सात करोड़ होगा में निर्माण

पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का प्रावधान किया था। इसके आधार पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स ने निर्माण के लिए करीब सात करोड़ अनुमानित लागत का एस्टीमेट तैयार किया है। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में आगे काम भी शुरू नहीं हो पाया और फाइल बंद रही। अब एक बार फिर वैसी ही स्थिति बन रही है। आगामी निगम चुनाव के चलते निर्माण का पेंच फिर फंसने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि रिजल्ट आने के बाद निर्माण की प्रक्रिया दिसंबर से ही आगे बढ़ सकती है।

### पूर्व सरकार ने इस सड़क चौड़ीकरण के लिए 137 करोड़ का किया था प्रावधान



### लॉज व फूलों की दुकानें होंगी खत्म

राजस्व से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लॉज, सेलून समेत फूल कारोबार से जुड़े लोगों की दुकानें हटा दी जाएंगी। इनमें एक ही कारोबारी की चार से पांच दुकानें जद में हैं। सर्वे टीम ने उन सभी को सूचीबद्ध किया है। तोड़फोड़ की क्षतिपूर्ति के आकलन की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर्स को भी सौंपी गई है। इसके बाद सड़क निर्माण व जमीन का अलग से मूल्यांकन होगा। इसके बाद ही मुआवजा बांटने की प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगेगी। आगामी चुनाव के चलते इसमें तीन से चार महीने लगना तय है।



**शुरू करेंगे प्रक्रिया**

चौड़ीकरण के लिए सर्वे रिपोर्ट तैयार हो गई है। तोड़फोड़ के दायरे में दोनों तरफ की 94 दुकानों को सूचीबद्ध किया है। निर्माण से पहले क्षतिपूर्ति के मूल्यांकन की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर तैयार करेंगे। इसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया होगी।

*- डॉ. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर*

## छग क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेमेतरा जिले व ब्लाक पदाधिकारी हुए सम्मिलित

छत्तीसगढ़ियों के हित में आवाज बुलंद करने वाले गैर-राजनीतिक संगठन व इनके राजनीतिक विंग जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का संयुक्त केन्द्रीय बैठक 25 अगस्त को अमलेश्वर में सम्पन्न हुआ। बैठक में बेमेतरा जिले व ब्लाक पदाधिकारी भी सम्मिलित।

पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय बैठक में प्रदेशाध्यक्ष, छ.क्रा.सेना अजय यादव ,अमित बघेल प्रदेशाध्यक्ष, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, भूषण वर्मा महामंत्री, गिरधर साहू संयोजक, देवेन्द्र नेताम आईटी सेल, अरूण गंधर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना के पदाधिकारी मौजूदगी में संगठन विस्तार, पार्टी मजबूती तथा अगामी चुनाव को लेकर अनेक निर्णय लिए गए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बेमेतरा जिले से निलेश साहू जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना बेमेतरा, श्रवण साहू अध्यक्ष, छ.क्रा.से. खड़ साजा, फौजी सुर्या सिंह चौहान सेवानिवृत्त सैनिक पार्थ मानिकपुरी शहर अध्यक्ष, शुभम सोनी मीडिया प्रभारी, कन्हैया सिन्हा नगर अध्यक्ष देवकर, नरसिंह सिन्हा नगर उपाध्यक्ष देवकर सम्मिलित हुए।

### 'अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी ले के रहिबो'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर तीसरे चरण में 11 सितंबर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों, विकासखंड और तहसील स्तर पर मशाल रैली निकालने का ऐलान किया है। आंदोलन को 'झन कर इनकार, हमर सुनव सरकार, अब नई सहिबो, मोदी के गारंटी लेके रहिबो' नाम दिया गया है। फेडरेशन से संयोजक कमल वर्मा, संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी, जिला संयोजक उमेश मुदलिया ने बताया कि शनिवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा से भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया।

## जैन मंदिर में बच्चों को सिखाया प्रभु नवांगी पूजन और चैत्यवंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बच्चों ने जैन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में किया पाठ

आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती, दुपट्टा पहनकर आते हैं तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहे के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने जैन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। इस प्रयास से बच्चों के माता-पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं।

ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है। ट्रस्टी डॉ. योगेश बंगानी ने बताया कि रविवार को 56 बच्चों को जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्री कोचर ने आगे बताया कि चारों दादा गुरुदेव के सम्मुख विधिपूर्वक गुरुवंदन की प्रक्रिया सिखाई गई।

## झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर कार्रवाई के लिए टीम गठित

**रायपुर।** झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा इलाज के नाम पर मरीजों की जान जोखिम में डालने से रोकने के लिए टीम का गठन किया गया है। धरसींवा ब्लॉक में जिला, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर ऐसे क्लीनिक बंद कराने की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मरीजों को झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल से बचाने के लिए गंभीरता बरती जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर धरसींवा विकासखंड में ऐसे क्लीनिक बंद कराने और आवश्यक कार्यवाही के लिए टीम गठित कर अधिकारियों का मोबाइल नंबर जारी कर ड्यूटी लगाई गई है।

## फुलवारी फाउंडेशन ने जन्माष्टमी पर किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** फुलवारी फाउंडेशन के सदस्यों ने ग्राम पचभैया और अमचो में बगीचों पर जाकर पौधारोपण किया गया। ग्रामवासियों को अमरूद,गुलमोहर, मुनगा एंव कटहल के साथ साथ फूलदार पौधों का वितरण भी किया गया। फुलवारी फाउंडेशन के संचालक विनय पाठक का कहना है कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाना एंव आसपास अधिकाधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाना उनके फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान डॉक्टर कुलेश्वर चंद्राकर, मनोज पाठक, डुकेश्वर चंद्राकर ,चितेश्वर निर्मलकर, भूपेंद्र कन्नौजे, गौरव,जगदेव जायसवाल एंव धीरज चंद्राकर मौजूद रहे।

# अलायंस एयर की रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट की सितंबर में होगी वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत रायपुर-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली अलायंस एयर की फ्लाइट की सितंबर माह में वापसी की गुंजाइश बन रही है। कंपनी ने पिछले दस दिन से ऑपरेशनल रीजन का हवाला देकर इस फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया था। इसके बाद राजधानी से जगदलपुर के बीच इंडिगो की उड़ान सप्ताह में चार दिन संचालित हो रही है।

रायपुर-जगदलपुर के बीच आवाजाही करने वाले यात्रियों को हवाई सुविधा का लाभ देने के लिए इस विमानन कंपनी ने मार्च के महीने में अपनी फ्लाइट का संचालन नियमित रूप से करने की घोषणा की थी। बाद में में पांच दिनों की कटौती कर इसकी उड़ान दो दिन के लिए ऑपरेट की जा रही थी। दस दिन पहले अलायंस एयर ने अपने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए अपनी उड़ान को स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद से रायपुर से जगदलपुर के बीच इंडिगो द्वारा सोम, मंगल, गुरु और शुक्रवार को विमान का संचालन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अलायंस एयर की फ्लाइट सितंबर माह में वापस ट्रैक पर लौट सकती है, हालांकि अभी इसकी निश्चित तारीख की अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। माना जा रहा है कि इसकी उड़ान सातों दिन हो सकती है। अलायंस एयर की एयरक्रॉफ्ट 72 सीटर थी और इसका किराया भी दो हजार से कम था। यह फ्लाइट रायपुर-जगदलपुर के साथ हैदराबाद के बीच भी संचालित होती थी।

वापसी के दौर में प्रयागराज-रायपुर के इंडिगो की फ्लाइट की 16 अगस्त को वापसी हो चुकी है। यह फ्लाइट आठ माह पहले तकनीकी वजह से बंद कर दी गई थी। फ्लाइट का पुनः संचालन शुरू होने पर प्रथम आगमन पर रायपुर विमानतल में पानी की बौछार के साथ उसका स्वागत किया गया था। इस फ्लाइट में सात से आठ हजार रुपए खर्च कर यात्री लंबी दूरी का सफर पूरा कर रहे हैं।

### हैदराबाद की तीसरी फ्लाइट भी

इंडिगो द्वारा हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद सेक्टर में अपनी तीसरी नियमित उड़ान का संचालन किया जाएगा। इसके लिए बुकिंग का दौर शुरू हो चुका है। एयरलाइंस कंपनी की तीसरी फ्लाइट दोपहर 2.20 बजे हैदराबाद से रवाना होकर 3.55 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी के वक्त यह रायपुर से 4.25 बजे टेकऑफ होकर 5.50 बजे हैदराबाद में लैंड होगी। त्योहारी सीजन में अन्य शहरों की तरह हैदराबाद से भी बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है। तीसरी फ्लाइट का संचालन प्रारंभ होने के बाद ज्यादा यात्री इसमें सफर कर सकेंगे।

## माताओं ने दिनभर व्रत रखकर की कमरछठ पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

न्यू आदर्श नगर क्षेत्र में संतान की सुख-समृद्धि की कामना का पर्व हलषष्ठी खमरछठ शनिवार को श्रद्धाउल्लास से मनाया गया। माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु और खुशहाली के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा में बिना हल जोते उगने वाले फसल पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाया गया। पूजा के पश्चात महिलाओं ने पसहर चावल को पकाकर खाया और व्रत का पारण किया। शहर के न्यू आदर्श नगर जोन 3 मार्ग 8 एवं मीनाक्षी नगर, पोटिया कला, आदर्श नगर समेत अनेक जगहों पर महिलाओं ने पूजा की। इसके अलावा मंदिरों में इस दौरान महिलाएं पूजा करने के लिए पहुंची थीं। इसके बाद विधिवत भगवान गणेश, शंकर, माता पार्वती, छठ माता की पूजा करके पसहर चावल के व्यंजन का भोग लगाया।

## स्कूलों को बंद व मर्ज करने का निर्णय प्रशासनिक तानाशाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- सीएम से युक्तियुक्तकरण को स्थगित करने की गुहार लगाई

छ. ग. राज्य में शिक्षाकर्मी व्यवस्था की समाप्ति तथा उनके संविलियन के बाद उम्मीद जगी थी कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सतत सुधार व गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी जिसका लाभ राज्य के लगभग 55 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा तथा उनका भविष्य संवरेगा और कर्मचारियों का भी संघर्ष समाप्त हो जाएगा और वे राज्य के विकास में सहभागी बनेंगे किंतु वर्तमान में युक्तियुक्तकरण को लेकर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय संचालक वीरेंद्र दुबे ने बताया कि विगत लगभग 05 वर्षों से छ.ग. में स्कूल शिक्षा विभाग के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों और अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार लोगों की उत्तरदायित्वविहीन व तानाशाही प्रवृत्ति ने शिक्षा सत्र के मध्य में विसंगतिपूर्ण व विरोधाभासी युक्तियुक्तकरण के निर्देश जारी कर उसे तानाशाही पूर्वक लागू करने के प्रयास ने राज्य के न केवल शिक्षक संवर्ग के लगभग 02 लाख कर्मचारियों को संघर्ष के लिए मजबूर कर दिया है, बल्कि लाखों पालकों को भी बच्चों की पढ़ाई व उनके भविष्य को लेकर चिंता में डाल दिया है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के संचालक वीरेंद्र दुबे, विकास राजपूत, मनीष मिश्रा, संजय शर्मा व उप संचालक धर्मेश शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण निर्देश जारी होते ही उसकी विसंगतियों, अव्यवहारिकता व उसके दुष्प्रभाव को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। किन्तु सर्वसम्मत सार्थक समाधान के स्थान पर विभाग तानाशाहीपूर्ण प्रशासनिक कार्यवाही के रूप में इसे लागू करने पर तुला हुआ है।

हजारों शिक्षकों ने 22 अगस्त को मुख्यमंत्री के नाम पर सभी जिलों में ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री को मामले पर संज्ञान लेकर अविलंब युक्तियुक्तकरण को स्थगित करने की गुहार लगाई है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी के मकान से चोरी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त कर्मी के मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया है कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी बोरसी दुर्ग निवासी पिताम्बर देवांगन 6 अगस्त की सुबह मकान में ताला जड़कर परिवार समेत तेलंगाना गया हुआ था। 22 अगस्त की शाम घर पहुचने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम 5 हजार गायब मिला। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकराई, चालक व सवार युवक की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पेड टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि घटना ग्राम अरसनारा चौक के पास की है। स्कार्पियो सीजी 7 सीएस 3777 के चालक ने तेज रफ्तार से पाटन से दुर्ग की ओर जा रहे थे। इस दौरान स्कार्पियों वाहन की रफ्तार काफी तेज थी अनियंत्रित हो गई। चालक उतई निवासी कृष्ण कुमार राठौर चला रहा था। खुर्सीपार जोन 1 निवासी विमल कुमार, जोन 3 सड़क 13 भीमलाल नाग, सेक्टर 2 गौरी शंकर ठाकुर सवार थे। उक्त लोग वाहन में सवार होकर अमलेश्वर से घर लौट रहे थे। तभी वाहन अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई। हादसे में चालक कृष्ण कुमार और विमल कुमार की मौत हो गई। वहीं भीमलाल, गौरीशंकर घायल है। पाटन पुलिस तुरंत पहुंची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए भेज दिया। मृतकों के शव को मरचूरी पीएम के लिए भेजा गया।

### साथ बैठकर पी शराब पत्नी पर गलत नजर डाली तो चाकू से गोदा

**बालोद/ डौंडीलोहारा/देवरीबंगला।** पत्नी पर गलत नजर रखने का आरोप लगाते हुए पोस्टमैन ने सरपंच को ऐसी सजा दी कि गांव वालों के होश उड़ गए। घटना से गांव में जहां सनसनी फैल गई, तो वहीं जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सरपंच की हत्या की चर्चा दिन भर होती रही। मिली जानकारी के अनुसार जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम खेरथाबाजार में सोमवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गांव में रहने वाले पोस्टमैन के घर सरपंच की खून से लथपथ लाश मिली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव के पोस्टमैन रामजी प्रजापति और गांव के सरपंच विक्रम सिन्हा ने रविवार की देर रात आरोपी रामजी प्रजापति के घर बैठकर शराब पी। आरोप है कि इस दौरान सरपंच विक्रम ने आरोपी की पत्नी के बारे में गलत बाते करनी शुरू कर दी। इस बात पर आरोपी रामजी प्रजापति गुस्सा हो गया। वहीं, इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पोस्टमैन रामजी प्रजापति ने सरपंच विक्रम सिन्हा की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी उसी के बगल में रात भर सोया रहा।

# तोता-मैना पाला हो तो तत्काल वन विभाग को दें, हो सकती है 3 साल की जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- दुर्ग डीएफओ ने जारी किया आदेश, कहा उल्लंघन पर सजा व जुर्माने

दुर्ग वनमण्डलाधिकारी कार्यालय अन्तर्गत बेमेतरा फॉरेस्ट अनुविभाग में जिलेवासियों के लिए वन्यजीव संरक्षण के मद्देनजर प्रशासनिक आदेश दुर्ग डीएफओ चन्द्रशेखर शंकर सिंह परदेशी आईएफएस ने पत्र जारी किया है। इसके तहत जिलेभर के सर्वसाधारण एवं आमजनमानस को सूचित किया गया है, कि डीएफओ कार्यक्षेत्र के अधीनस्थ बेमेतरा के दोनों परिक्षेत्र साजा एवं बेमेतरा वन सर्किल में किसी भी प्रकार के अनुसूचित पक्षियों सहित जंगली अथवा वन्यजीव की खरीद-बिक्री एवं कैद कर पालने वन्यजीव संरक्षण एक्ट 1972 में यथासंशोधित मई 2022 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी के तहत 03 वर्ष की कारावास एवं 25 हज़ार रुपये का आर्थिक दण्ड अथवा दोनों या अधिक सजा का कड़ा प्रावधान लागू है। इसी के मद्देनजर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा जिलेवासियों को बकायदा कल 28 अगस्त तक अपने रिहाइशी मकानों में कैद एवं पाले गए विभिन्न प्रजाति के तोते व अन्य अनुसूचित पक्षी, भारतीय प्रजाति के बन्दर, लँगूर, गिलहरी, खरगोश, मैना, कछुआ इत्यादि को अपने नजदीकी फॉरेस्ट ऑफिसर के पास जाकर तत्काल वन कार्यालय में जमा किये जाने की अपील आदेश में की गई है। साथ ही हिदायत दी गयी है कि कल 28 अगस्त के उपरांत ज़िले के वन परिक्षेत्र साजा व बेमेतरा एवं उप वनपरिक्षेत्र बेरला, नवागढ़ सहित खम्हरिया, नांदघाट, देवकर, भिम्भौरी फारेस्ट इलाके में किसी भी प्रकार के अनुसूचित पक्षी एवं वन्यजीव पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## अनुसूचित पक्षी व वन्यजीव की खरीद-बिक्री एवं पालने पर लगा सख्त प्रतिबंध

### जारी किया गया टाल फ्री नंबर



इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि उपरोक्त पक्षियों एवं वन्यजीव की किसी भी स्थान पर हो रही खरीद-बिक्री एवं पालने की जानकारी मिलने पर टोल फ्री नम्बर 1800233700 को सार्वजनिक रूप से आमजनता के लिए जारी किया गया है। सूचना मिलने पर इस तरह के गैरकानूनी घटनाक्रम की शिकायत पर तत्काल फारेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए उप वनमंडलाधिकारी के माध्यम से दोनों फारेस्ट सर्किल के लिए बेमेतरा रेंजर माधुरी तिवारी एवं साजा रेंजर पुनीत राम लसेल का भी नम्बर सावर्जनिक किया गया है। जारी आदेश में क्षेत्र में वन्यजीव के खरीद-बिक्री एवं पालन की जानकारी देने एवं शिकायत पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखे जाने की बात कही गई है।

### सुरक्षा कारणों से लिया गया फैसला

दरअसल यह प्रशासनिक निर्णय प्रदेशभर के विभिन्न इलाकों में वन्यजीव के साथ हो रहे छेड़छाड़ व अत्याचार, प्राकृतिक प्रवासों को पहुंचाए जा रहे नुकसान को देखकर डिपार्टमेंट द्वारा सुरक्षागत कारणों से फैसला लिया गया है। इसका क्रियान्वयन पूरे दुर्ग वनमंडल क्षेत्र में किया जाना है। वन्यजीव संरक्षण के प्रति आमजनता को जागरूक करने का प्रयास भी किया जाएगा।

**- चन्द्रशेखर शंकर सिंह परदेशी**
वनमण्डलाधिकारी, दुर्ग

## समस्या : बेरला विकासखंड के ग्राम मोहभट्ठा में स्वच्छता अभियान की खुली पोल

# स्कूल के सामने लगा कचरे का ढेर गंदगी और बदबू ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा



विकासखण्ड बेरला में आने वाले पंडित देवी प्रसाद चौबे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभट्ठा, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रवेश द्वार के सामने लगे कचरे के ढेर खोल रहे स्वच्छता अभियान की पोल एवं अवैध कब्जा से विद्यालय के परछाई छिपने लगे हैं, जो इन दिनों सामने आ रहे हैं। एक तरफ शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों के फलस्वरूप साफ-सफाई को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कचरे एक स्थान पर व्यवस्थित रहने के लिए गांव व नगर की गलियों में नाडेप का निर्माण किया गया। जिनके बावजूद लोग इधर उधर कचरे बिखेरने व फैलाने में लगे हुए है। दूसरी तरफ मोहभट्ठा विद्यालय के प्रवेश द्वार के सामने कचरे की ढेर व प्रवेश द्वार के सामने को कब्जे करने वाली मामला सामने आ रहे है। कुछ लोगों द्वारा विद्यालय परिसर के सामने कचरे फेंक कर गंदगी कर दिया जा रहा है जिनका खामयाजा विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थियों को सीधा प्रभाव पड़ रहे है। बता दें कि इस कचरे की ढेर से महीने भर से ज्यादा सफाई नहीं होने के कारण इससे निकलने वाली गंदी बदबू से शिक्षक सहित विद्यार्थी परेशान है। हाल ही बारिश के चलते कचरे पानी में भीग जाने से और भी ज्यादा बदबू व बीमारी के खतरे बढ़ते जा रहे है। जिनका भय विद्यालय परिवार को लगातार झेलना पड़ रहा है। इस समस्या से ग्राम पंचायत मोहभट्ठा अपनी जिम्मेदारियों से अनजान मौन सादें बैठ कर गंभीर बीमारियों व विद्यालय के सामने हो रहे कब्जे पर ध्यान नहीं दिया जाना गंभीर समस्याओं को पूरा जोर दिया जा रहा है। लिहाजा मोहभट्ठा स्कूल के सामने ही गंदगी पसरी पड़ी है जिस कारण विद्यार्थियों को पढ़ने में काफी परेशानी पेश आ रही है। हर समय बदबू फैली रहने के कारण उनका स्कूल के अन्दर अपनी कक्षाओं में बैठे रहना भी दूभर हो गया है। इसके साथ ही आस-पास के घरों के द्वारा भी कूड़ा लगातार डाला जा रहा है।

### क्या कहते हैं क्षेत्रवासी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बाहर एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला के ठीक गेट के सामने नगर पालिका द्वारा गंदगी इकट्ठा करने के लिए एक बड़ा कूड़ेदान रखा हुआ है। लेकिन ये सभी कूड़े कचरे को कूड़ेदान में डालने की बजाए बाहर ही डाल कर चले जाते हैं। विद्यालय परिसर के ठीक सामने ही गंदगी पसरा हुआ है। इस गंदगी से निकलने वाली तेज बदबू के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है तथा बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर के सामने से कचरे व कब्जे को हटवा कर स्वच्छता को बनाया जा सकता है ताकि स्कूल में आने वाले बच्चों को इसकी वजह से फैलने वाली बीमारियों से बचाया जा सके।

# ढाई एकड़ जमीन को कराया गया कब्जामुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला तहसील इलाके में ग्राम सिंघौरी एवं ग्राम भिलौरी में प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार सुभाष शुक्ला के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम द्वारा बेजाकब्जा को मुक्त कराया गया।

जानकारी के मुताबिक बेरला विकासखण्ड के ग्राम सिंघौरी में करीब 02 एकड़ सरकारी जमीन पर गाँव के ही दिलेश्वर साहू एवं भैयाराम साहू द्वारा काफी पूर्व से कब्जा कर रखा था। जहां पर उनके द्वारा उक्त जमीन पर खेत बनाकर कृषि कार्य भी किया जा रहा था। वही दूसरी ओर बेरला ब्लॉक के ही भिलौरी गाँव मे भी एक स्थानीय ग्रामीण द्वारा शासकीय स्कूल के सामने की आधा एकड़ जमीन पर कब्जा कर बिल्डिंग बना ली गई थी। जिसमे दो दुकानें भी संचालित हो रही थीं। किन्तु दोनो भू-कब्जे के मामले में विगत पूर्व बेरला तहसील कार्यालय ग्रामीणों ने आवेदन लगाया था। जिस पर तहसीलदार द्वारा निरीक्षण कर उक्त दोनों गाँवों में अतिक्रमणकारियों को बकायदा बेदखली का नोटिस भी दिया गया। लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। तत्पश्चात दोनों ही गाँव के उक्त जगह पर बेरला तहसीलदार सुभाष शुक्ला ने स्थानीय पटवारी एवं पुलिस स्टॉफ की मौजूदगी में जेसीबी व अन्य वाहनों के माध्यम से बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए दोनों जमीन को भू-कब्जेदारों के चंगुल से विधिवत मुक्त कराया।

### लगातार की जा रही कार्रवाईः तहसीलदार

तहसीलदार सुभाष शुक्ला बताया कि उनकी टीम लगातार तहसील इलाके में अतिक्रमण पर कार्रवाई कर रही है। विगत माह मोहभट्ठा में भी अतिक्रमण तोड़ा व हटाया गया था।

# पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजें और जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं

## जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024 को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- वाटर हार्वेस्टिंग और जागरुकता पर दिया गया जोर



जल संरक्षण और संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की। यह बैठक बीते रविवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में जल शक्ति अभियान कैच द रेन और नारी शक्ति से जल शक्ति के अंतर्गत हुई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल के प्रत्येक बूंद को सहेजना और जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। सभी अधिकारियों ने जल संरक्षण को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभागों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

कलेक्टर ने बैठक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और सभी स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर व उपस्थित अधिकारियों ने जल बचाने की शपथ भी ली । जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि जल संरक्षण की दिशा में सभी का योगदान हो। उन्होंने इसके साथ ही वर्षा जल को बचाने और संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक ज़िलाव्यापी अभियान चलाने की बात कही। बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी भवनों में जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और लोगों को जल बचाने के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाये। जिससे ज़िले में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में बेहतर काम हो।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, जल शक्ति मिशन के नोडल अधिकारी और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चन्द्रशेखर शिवहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

# महिलाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत बेरला के नगर पंचायत भवन में एक अंतर्विभागीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को उनके अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक करना था।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, और रोजगार पंजीयन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बेरला परियोजना के अंतर्गत इन विभागों की योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएँ, बाल संरक्षण संबंधी योजनाएँ, और समाज के कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग द्वारा मजदूरों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया समझाई गई। समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, और दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं, रोजगार पंजीयन विभाग ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पर चर्चा की और मौके पर ही कई युवाओं का पंजीकरण भी किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी विद्यानंद बोरकर एवं समस्त पर्यवेक्षक परियोजना बेरला, परियोजना समन्वयक चाईल्ड लाईन (सी.एच.एल.) राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं टीम, श्रम विभाग से श्रम कल्याण निरीक्षक आलोग यादव, सहयोगी दीपक, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि परसराम ध्रुव एवं रोजगार पंजीयन प्रतिनिधि, सखी वन स्टॉप सेंटर से परामर्शदाता लक्ष्मी वर्मा, केस वर्कर सरिता शर्मा, सी.एच.एल. से पर्यवेक्षक करिश्मा परवीन, केस वर्कर हीना साहू उपस्थित थे।

**मिशन शक्ति के संबंध में दी गई जानकारीः** शिविर के दौरान मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि यह एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्थन को मजबूत बनाना है। योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा और खतरे से मुक्त माहौल में अपने मस्तिष्क और शरीर के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने को प्रेरित किया जाएगा।

योजना के तहत महिलाओं पर देखभाल के बोझ को कम करने और कौशल विकास, क्षमता निर्माण, वित्तीय साक्षरता, सूक्ष्म ऋण प्राप्त करने तक उनकी पहुंच बढ़ाकर महिला श्रम बल की भागीदारी को बढ़ाने का भी प्रयास किया जाना है।




### दो एटीएम में तोड़-फोड़ तीन लोग गिरफ्तार

**भिलाई।** पीएनबी बैंक और हिटाची एटीएम में तोड़फोड़ करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 324(5),62,3(5), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।




श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और श्री राधिका रानी को झुलाया झूला

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजाई झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व झांकी सजाकर श्रीकृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष रीना वर्मा, विशिष्ट अतिथि दन्त चिकित्सक डॉ. प्रदीप तिवारी, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक साहित्यकार, कलाकार डॉ. गोकुल बंजारे चन्दन, अध्यक्षता ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी एवं अन्य अतिथियों ने किया।

इस अवसर पर बीके शशि दीदी ने कहा कि हर वर्ष भारत में जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। हरेक माता अपने बच्चे को नयनों का तारा और दिल का दुलारा समझती है, परन्तु फिर भी वह श्रीकृष्ण को सुंदर, मनमोहन, चित्तचोर आदि नामों से पुकारती है। वास्तव में श्री कृष्ण का सौंदर्य चित्त को चुरा ही लेता है। जन्माष्टमी के दिन जिस बच्चे को मोर मुकुट पहनाकर, मुरली हाथ में देते हैं, लोगों का मन उस समय उस बच्चे के नाम, रूप, देश व काल को भूल कर कुछ क्षणों के लिए श्रीकृष्ण की ओर आकर्षित हो जाता है। सुंदरता तो आज भी बहुत लोगों में पाई जाती है परंतु श्रीकृष्ण सर्वांग सुंदर थे, सर्वगुण सम्पन्न, सोलह कला सम्पूर्ण थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राधा कृष्ण संग रास की शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार भेंट किए। सेवा केंद्र में आए श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और श्री राधिका रानी को झूला झुलाया और अपने जीवन को श्री कृष्ण और श्री राधे के जैसा पुनित गुण धारण करने की प्रतिज्ञा की।

